Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to maintain quality of education for students under AYUSH.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम): सर, मैं आयुष के संबंध में अपनी बात रखना चाहती हूं । एमबीबीएस में वर्ष 2019 में कटऑफ मार्क 134 था, जिन लोगों के 133 आए हैं, उनका क्या होगा? सबसे बड़ी बात यह है कि बीडीएस में आयुष का नाम नहीं है, अगर कोई आयुष पढ़ना चाहता है और उसके लिए मैंटली प्रिपेयर्ड हो जाता है तो उनके लिए अगर नीट से अलग एग्जाम लेंगे तो वह उसी पर ध्यान देगा और तैयारी करेगा । सबसे बड़ी बात है कि गवर्नमेंट कॉलेज के साथ और उसके अंडर ही आयुष चलाया जा रहा है । अगर अलग से कैम्पस नहीं बनाएंगे और एमबीबीएस के साथ में इसको जोड़ेंगे तो मुझे नहीं लगता है कि आयुष आगे जा पाएगा । आयुष में 70 परसेंट तक वैकेंसी है । मुझे लगता है कि अगर आयुष को आगे बढ़ाना है, जैसा कि सरकार भी चाहती है, तो इसके लिए इस सब पर ध्यान देंगे तो मुझे लगता है कि आयुष के स्टूडेंट बढ़ेंगे और कॉलेज भी कंटीन्यू कर सकते हैं ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।